स्वच्छता कार्यक्रम देश की प्रगति का मूलमंत्र

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मालपुरा

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की ओर से आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत उपखंड के चांदसेन ग्राम में स्व छता जागरूकता रैली निकाली जाकर ग्रामीणों को स्वक्ष्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। गुरुवार को स्वच्छता रैली कार्यकम के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित कार्यकम में मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए संस्थान निदेशक डा. एस.एम.के. नकवी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा स्वच्छता कार्यकम शुरू किया है जो देश की प्रगति का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सभी के लिए आवश्यक है और सभी को स्व छता बनाए रखने की प्रतिज्ञा लेने की आवश्यकता है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. ईनाम नकवी ने ग्रामीण महिलाओं को गंदगी के होने वाले रोगों के बारे में जानकारी देकर स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यकम को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी ने बताया कि यह गर्व का विषय में चांदसेन ग्राम पंचायत के प्रत्येक घरो में शौचालयों का निर्माण करवा दिया। फिर भी ग्रामीणो को अविकानगर परिसर की सफाई एवं स्वच्छता से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। संस्थान की पीआर सेल के प्रभारी डॉ. आर.के. शर्मा व राजभाष विभाग के सहायक निदेशक मुरारीलाल गुप्ता ने बताया कि कार्यकम के पश्चात संस्थान निदेशक ने स्वच्छता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली पूरे गांव में भ्रमण कर ग्रामीणो को स्व छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। कार्यकम का संचालन कार्यकम समन्वयक एवं पशु पोषण विभाग के अध्यक्ष डॉ. ए.साहू ने किया।

rajasthanpatrika.com
राजस्थान पत्रिका . टोंक . शुक्रवार . 26.05.2017

चांदसेन में स्वच्छता रैली निकाली

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े अन्तर्गत गुरुवार को चांदसेन गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से स्वच्छता का दिया गया संदेश देश की प्रगति का मूलमंत्र है। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण घरों में शौचालय बनाएं तथा आस-पास गन्दगी नहीं होने दें। कचरे को पात्र में ही डालें। चिकित्साधिकारी डॉ. इनाम नकवी ने स्वच्छता का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से कई प्रकार के रोगों से दूर रहा जा सकता है। कन्हैयालाल सैनी ने भी विचार व्यक्त किए। सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों व ग्रामीणों ने गांव में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। संचालन डॉ. ए. साहू ने किया।

दैनिक भास्कर
जयपुर, शुक्रवार 26 मई , 2017 | 18

अविकानगर संस्थान ने ग्राम चांदेसन में निकाली जागरूकता रैली

भास्कर न्यूज | मालपुरा

केंद्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता पखवाडे के तहत गुरुवार को पडौसी ग्राम चांदसेन में जागरुकता रेली निकाली गई । चांदसेन ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित इस जागरुकता रेली में संस्थान निदेशक डॉ. एस एम के नकवी सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी व वैज्ञानिक तथा चांदसेन ग्राम पंचायत के कन्हैयालाल सैनी एडवोकेट, अविकानगर चिकित्सक डॉ. ईनाम नकवी सहित ग्रामीण महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान निदेशक डॉ. नकवी ने प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए स्वच्छता के नारे को प्रगित का मूल मंत्र बताया।

उन्होंने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ईनम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए आस पास की गंदगी से होने वाले रोगों की जानकारी दी तथा सफाई रख कर सुरिक्षत रहने के लिए प्रेरित किया। चांदसेन के कन्हैयालाल सैनी ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मालपुरा तहसील में ग्राम पंचायत चांदसेन प्रथम पंचायत है जहां प्रत्येक घर में शौचालय बना हुआ है लोगों द्वारा खुले में शौच नहीं किया जाता । उन्होंने अविकानगर संस्थान की स्वच्छता पर गर्व प्रकट किया। डॉ. ए के साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया।